COURT OF ADDITIONAL DISTRICT & SESSIONS JUDGE-XVIII

BHOJPUR, ARA.

## Title Appeal - 8/2019.

| Sl. No. | Date of order of proceeding | Order with Signature of the Court | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| | 20-12-2022 | प्रस्तुत स्वत्व अपील दिनांक–25.01.2019 को ही प्रस्तुत की गई थी, जिसे कि ग्रहण करने के बिंदु के पश्चात सुनवाई के लिये निश्चित किया गया था। न्यायालय द्वारा अवर न्यायालय से अभिलेख भी मंगाया गया एवम् अपीलार्थी के बहस के लिए निश्चित किया गया, परन्तु अपीलार्थी दिनांक 07.01.2020 के पश्चात् बहस के लिए तैयार नहीं हुआ। बीच में कई तिथियों पर न्यायालय द्वारा अपीलार्थी को बहस के लिए अंतिम अवसर भी दिया गया, फिर भी अपीलार्थी समयावेदन देकर बहस से बचता रहा। अतः यह दृष्टिगत होता है कि अपीलार्थी अपने मामले में बहस नहीं करना चाहता है एवम् मामले को केवल लटकाये रखना चाहता है। ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलार्थी का इस वाद में बहस करने का इच्छुक नहीं है और न ही उसकी इसमें कोई भी रूचि रह गया है। अतः अपीलार्थी को पर्याप्त अवसर दिये जाने के बाद अपील को निरस्त किया जाता है। कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि विधिक अवधि के पश्चात अभिलेख को अभिलेखागार में जमा करे।<br><br>लेखापित<br><br>Manoj<br>अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–XVIII<br>भोजपुर। | |